रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-02032022-233805
CG-DL-E-02032022-233805

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 161] नई दिल्ली, सोमवार, फरवरी 28, 2022/फाल्गुन 9, 1943
No. 161] NEW DELHI, MONDAY, FEBRUARY 28, 2022/PHALGUNA 9, 1943

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली 25 फरवरी, 2022

सा.का.नि. 164(अ)—मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 212 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार, केंद्रीय मोटर यान नियम, 1989 का और संशोधन करने के लिए प्रारूप नियम, भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 528(अ), तारीख 2 अगस्त, 2021 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उपखंड (i) में प्रकाशित किए गए थे, उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना से युक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, तीस दिन की अवधि की समाप्ति से पूर्व, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त राजपत्र की प्रतियां, 3 अगस्त, 2021 को जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में, जनता से प्राप्त आक्षेप और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार कर लिया गया है ।

अत:, अब, केंद्रीय सरकार, मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 147 की उपधारा (2), धारा 149, धारा 159, धारा 160, धारा 161, धारा 162 की उपधारा (2), धारा 164क, धारा 164ख और धारा 164ग की उपधारा (2) के खंड (ट) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्रीय मोटर यान नियम, 1989 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :--

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केंद्रीय मोटर यान (पांचवां संशोधन) नियम, 2022 है ।

(2) ये 1 अप्रैल, 2022 से प्रवृत्त होंगे ।

2. केंद्रीय मोटर यान नियम, 1989 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) के नियम 147 में, ''अभिलेख'' शब्द के पूर्व ''या तो इलेक्ट्रानिक रूप से या अन्यथा'' शब्द अंत:स्थापित किए जाएंगे ।

3. उक्त नियमों के नियम 150 में,--

(क) उपनियम (1) में,--

(i) ''धारा 158 की उपधारा (6)'' शब्द, कोष्ठक और अंक के स्थान पर, ''धारा 159'' शब्द और अंक रखे जाएंगे ;

(ii) ''प्ररूप 54 में होगी'' शब्दों के पश्चात् निम्नलिखित शब्द अंत:स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :--

''और दुर्घटना सूचना रिपोर्ट दावा अधिकरण, बीमाकर्ता और अन्य ऐसे अभिकरण को, जो केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए, प्रस्तुत किया जाएगा ।'';

(ख) उपनियम (2) में, ''धारा 160 के अधीन प्रतिकर का दावा करने के पात्र व्यक्ति'' शब्दों और अंकों के पश्चात् ''या बीमाकर्ता, जिसके विरुद्ध दावा किया गया है और अन्य ऐसे व्यक्ति, जो केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए'' शब्द अंत:स्थापित किए जाएंगे ।

4. उक्त नियमों में, नियम 150 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

''**150क. सड़क दुर्घटना के अन्वेषण के लिए प्रक्रिया—**मोटर यानों के उपयोग से पैदा हुई सभी दुर्घटनाओं के अन्वेषण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया उपाबंध 13 के अनुसार होगी ।'' और ऐसे पोर्टल पर, जैसा कि निर्दिष्ट किया जा सकता है, इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करने सहित प्रस्तुत करने के तरीके और प्रपत्र में होगी ।''

5. उक्त नियमों में,--

(क) प्ररूप 51 में,--

(i) क्रम सं. 6 के पश्चात्, निम्नलिखित क्रम सं. अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

''6क. यान के स्वामी का विधिमान्य मोबाइल संख्या.....'' ;

(ii) क्रम सं. 11 के पश्चात्, निम्नलिखित क्रम सं. अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

''12. सभी यान	इस पॉलिसी में मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 150(2)(ii) और (iii) ; (ख) और (ग) में यथा अपवर्जित मृत्यु, शारीरिक क्षति या नुकसान के लिए दायित्व नहीं आता है'' ;

(ख) प्ररूप 54 में,--

(i) क्रम सं. 2 में, ''सीआर सं. '' अंकों से पूर्व, निम्नलिखित अंक अंत:स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :--

''एफआईआर सं. /'' ;

(ii) क्रम सं. 2 के पश्चात्, निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

''2क. ये धाराएं लागू होती हैं : भारतीय दंड संहिता...; मोटर यान अधिनियम :..--;

(iii) क्रम सं. 12 में, ''मार्ग परमिट विशिष्टियां'' शब्दों के पश्चात्, निम्नलिखित शब्द अंत:स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :--

''या, विशिष्टियों का उपयोग करने की अनुज्ञप्ति'' ।

6. उक्त नियमों में उपाबंध 12 के पश्चात्, निम्नलिखित उपाबंध अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"उपाबंध 13

(नियम 150क देखें)

मोटर यान दुर्घटनाओं के अन्वेषण की प्रक्रिया

1. पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना मामलों का अन्वेषण

किसी सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही, पुलिस अन्वेषण अधिकारी दुर्घटना स्थल का अन्वेषण करेगा, दुर्घटना स्थल का फोटो/वीडियो लेगा और दुर्घटना में शामिल यान (यानों) और स्केल के माध्यम से स्थल प्लान तैयार करेगा, यथास्थिति, सड़क (सड़कों) या स्थान (स्थानों) के अभिन्यास और चौड़ाई को दर्शित करते हुए, यान (यानों) की स्थिति और इसमें शामिल व्यक्ति (व्यक्तियों) और ऐसे अन्य तथ्य, जो सुसंगत हों, अन्वेषण करेगा । क्षति के मामलों में, अन्वेषण अधिकारी अस्पताल में क्षति व्यक्तियों का फोटो भी लेगा । अन्वेषण अधिकारी प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों/दर्शकों की परीक्षा करते समय स्थल जांच को संचालित करेगा ।

2. अड़तालीस (48) घंटे के भीतर दावा अधिकरण और बीमा कंपनी को दुर्घटना की सूचना दिया जाना

अन्वेषण अधिकारी दुर्घटना के अड़तालीस (48) घंटे के भीतर प्ररूप 1 में प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट (एफएआर) को प्रस्तुत करते हुए दावा अधिकरण को दुर्घटना की सूचना देगा । यदि बीमा पॉलिसी की विशिष्टियां उपलब्ध हैं, तो प्ररूप 1 में दुर्घटना की सूचना, उल्लंघन करने वाले यान के संबंधित बीमा कंपनी के नोडल अधिकारी को भी दी जाएगी । प्ररूप 1 की एक प्रति पीड़ित (पीड़ितों), राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बीमाकर्ता को भी उपलब्ध कराई जाएगी और राज्य पुलिस की वेबसाइट पर, यदि उपलब्ध हो, भी अपलोड की जाएगी ।

3. सड़क दुर्घटना के पीड़ितों का अधिकार और प्ररूप 2 में उल्लिखित स्कीम का प्रवाह-चार्ट अन्वेषण अधिकारी द्वारा पीड़ित (पीड़ितों) को दिया जाना

अन्वेषण अधिकारी सड़क दुर्घटना के पीड़ित (पीड़ितों) के अधिकार और प्ररूप 2 में उल्लिखित स्कीम का प्रवाह-चार्ट का विवरण पीड़ित (पीड़ितों) या उनके विधिक प्रतिनिधियों को दुर्घटना के दस (10) दिन के भीतर देगा। अन्वेषण अधिकारी विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (डीएआर) के साथ प्ररूप 2 की एक प्रति भी फाइल करेगा ।

4. ड्राइवर द्वारा अन्वेषण अधिकारी को ड्राइवर का प्ररूप प्रस्तुत किया जाना

अन्वेषण अधिकारी, दुर्घटना में शामिल यान (यानों) के ड्राइवर को प्ररूप 3 की एक खाली प्रति उपलब्ध कराएगा और ड्राइवर दुर्घटना के तीस (30) दिनों के भीतर अन्वेषण अधिकारी को प्ररूप 3 में सुसंगत जानकारी देगा ।

5. स्वामी द्वारा स्वामी का प्ररूप प्रस्तुत किया जाना

अन्वेषण अधिकारी, दुर्घटना में शामिल यान (यानों) के ड्राइवर को प्ररूप 4 की एक खाली प्रति उपलब्ध कराएगा और ड्राइवर दुर्घटना के तीस (30) दिनों के भीतर अन्वेषण अधिकारी को प्ररूप 4 में सुसंगत जानकारी देगा ।

6. अन्वेषण अधिकारी द्वारा दावा अधिकरण को अंतरिम दुर्घटना रिपोर्ट (आईएआर) प्रस्तुत किया जाना

अन्वेषण अधिकारी दुर्घटना के पचास (50) दिनों के भीतर दावा अधिकरण को प्ररूप 5 में अंतरिम दुर्घटना रिपोर्ट (आईएआर) प्रस्तुत करेगा । आईएआर उसमें उल्लिखित दस्तावेजों के साथ होगा और दस्तावेजों के साथ आईएआर की एक प्रति दुर्घटना में शामिल यान (यानों) के बीमा कंपनी, पीड़ित (पीड़ितों)/दावाकर्ता, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बीमाकर्ता और साधारण बीमा परिषद् को दी जाएगी ।

7. अन्वेषण अधिकारी और बीमा कंपनी द्वारा ड्राइवर के प्ररूप और स्वामी के प्ररूप का सत्यापन

दुर्घटना में शामिल यान (यानों) की बीमा कंपनी के साथ ही साथ अन्वेषण अधिकारी प्ररूप 3 और प्ररूप 4 में उपबंधित सूचना और दस्तावेजों का सत्यापन करेगा और वीएएचएएन पर उपलब्ध जानकारी के माध्यम से या जारी करने के लिए तात्पर्यित रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी/व्यक्ति से लिखित में पुष्टि प्राप्त करने पर या ऐसे अन्य अन्वेषण या सत्यापन, जो आवश्यक समझे, दिए गए दस्तावेजों की प्रमाणिकता का सत्यापन करेगा । अन्वेषण अधिकारी विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (डीएआर) के साथ दावा अधिकरणके समक्ष प्ररूप 10 में सत्यापन रिपोर्ट फाइल करेगा ।

8. पीड़ित (पीड़ितों) द्वारा अन्वेषण कार्यालय में पीड़ित प्ररूप का प्रस्तुत किया जाना

अन्वेषण अधिकारी दुर्घटना में पीड़ित (पीड़ितों) या उनके प्रतिनिधियों को प्ररूप 6 की एक खाली प्रति उपलब्ध कराएगा और वे दुर्घटना के साठ (60) दिनों के भीतर अन्वेषण अधिकारी को प्ररूप 6 में सुसंगत दस्तावेज और सुसंगत जानकारी देंगे ।

9. अवयस्क बच्चों के संबंध में पीड़ित (पीड़ितों) द्वारा पीड़ित प्ररूप प्रस्तुत किया जाना

दुर्घटना के पीड़ित (पीड़ितों) के किसी बालक/बालकों की दशा में, अन्वेषण अधिकारी पीड़ित (पीड़ितों) को खाली प्ररूप 6क उपलब्ध कराएगा, जो सुसंगत जानकारी/सुसंगत दस्तावेजों से संलग्न भरा गया होगा और दुर्घटना के साठ (60) दिनों के भीतर उसे अन्वेषण अधिकारी को प्रस्तुत करेगा । उसके पश्चात्, अन्वेषण अधिकारी पीड़ित (पीड़ितों) से उपर्युक्त प्ररूप 6 और प्ररूप 6क प्राप्त होने के तीस (30) दिनों के भीतर बालक कल्याण समिति को डीएआर के साथ पीड़ित प्ररूप 6 और प्ररूप 6क की प्रति भेजेगा । यदि बालक को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के उपबंधों के अनुसार देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता है, तो समिति अभिनिश्चय करेगी । अन्वेषण अधिकारी डीएआर के साथ प्ररूप 6 और प्ररूप 6क की प्रतियां राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को बालक/बालकों की सहायता के लिए एक अधिवक्ता समनुदेषित करने हेतु उनके विधिक उपचारों/अधिकारों का उपभोग करने हेतु जिसके अंतर्गत शिक्षा भी शामिल है, पीड़ित (पीड़ितों) से उपर्युक्त प्ररूप 6 और प्ररूप 6क के प्राप्त होने के तीस (30) दिनों के भीतर प्रतियां भेजेगा ।

10. बीमा कंपनी द्वारा पीड़ित के प्ररूप का सत्यापन ।

अन्वेषण अधिकारी दस्तावेजों के साथ प्ररूप 6 और प्ररूप 6क की एक प्रति यान (यानों) की डीएआर के साथ दुर्घटना में शामिल बीमा कंपनी को भेजेगा, और बीमा कंपनी डीएआर की प्राप्ति की तारीख से तीस (30) दिनों के भीतर पीड़ितों द्वारा दी गई जानकारी और दस्तावेजों का सत्यापन करेगी ।

11. दुर्घटना के साठ (60) दिनों के भीतर पुलिस द्वारा दांडिक मामले का अन्वेषण पूरा किया जाना

अन्वेषण अधिकारी दांडिक मामलों का अन्वेषण पूरा करेगा और दुर्घटना के साठ (60) दिनों के भीतर संबंधित दांडिक न्यायालय के समक्ष दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 के अधीन रिपोर्ट फाइल करेगा और दावा अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया डीएआर के साथ उक्त रिपोर्ट की एक प्रति भेजेगा ।

12. दावा अधिकरण के समक्ष अन्वेषण अधिकारी द्वारा डीएआर प्रस्तुत किया जाना

अन्वेषण अधिकारी उपाबंध में दी गई सूचना और दस्तावेजों का सत्यापन पूरा करेगा और दुर्घटना की तारीख से नब्बे (90) दिनों के भीतर प्ररूप 7 में डीएआर को दावा अधिकरण के पास भेजेगा । डीएआर में निम्नलिखित दस्तावेज शामिल होंगे—

(क) प्ररूप 8 के अनुसार स्थल नक्शा ;

(ख) प्ररूप 9 के अनुसार यांत्रिक अन्वेषण ;

(ग) प्ररूप 10 के अनुसार सत्यापन रिपोर्ट ;

(घ) दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का 2) की धारा 173 के अधीन रिपोर्ट ।

13. डीएआर की प्रति को दुर्घटना में शामिल पीड़ित (पीड़ितों), यान (यानों) के स्वामी/ड्राइवर, बीमा कंपनी और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रस्तुत किया जाना

अन्वेषण अधिकारी उल्लंघनकारी यान के स्वामी/ड्राइवर, दुर्घटना के पीड़ित (पीड़ितों) को डीएआर की एक प्रति भेजेगा । अन्वेषण अधिकारी सुसंगत दस्तावेजों के साथ बीमा कंपनी के नोडल अधिकारी, साधारण बीमा परिषद् और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को भी डीएआर की एक प्रति भेजेगा ।

14. अन्वेषण अधिकारी दावा अधिकरण से आवश्यक निर्देश की मांग कर सकेगा

यदि ड्राइवर (ड्राइवरों), स्वामी (स्वामियों), बीमा कंपनी और/या दावाकर्ता इस उपाबंध के अधीन सुसंगत जानकारी और/या अपेक्षित दस्तावेज प्रकट करने में असफल रहता है, तो अन्वेषण अधिकारी दावा अधिकरण से आवश्यक निर्देश की मांग कर सकेगा । दावा अधिकरण उसके पश्चात् व्यतिक्रम पक्षकारों को पन्द्रह (15) दिनों के भीतर इस उपाबंध के अनुसार सुसंगत दस्तावेजों के साथ अपेक्षित जानकारी को सीधे दावा अधिकरण को भेजने के लिए निदेश दे सकेगा ।

15. रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी का दस्तावेजों का सत्यापन करने का कर्तव्य

रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी पन्द्रह (15) दिनों के भीतर अन्वेषण अधिकारी द्वारा दिए गए आवेदनों का दुर्घटना में शामिल यान (यानों) के संबंध में रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र, चालन अनुज्ञप्ति, योग्यता और अनुज्ञा का सत्यापन करेगा ।

16. एमएलसी (चिकित्सा विधिक मामला) और शव परीक्षण रिपोर्ट जारी करने का अस्पताल का कर्तव्य

संबंधित अस्पताल दुर्घटना के पन्द्रह (15) दिनों के भीतर अन्वेषण अधिकारी को एमएलसी और शव परीक्षण रिपोर्ट जारी करेगा ।

17. आईएआर और डीएआर फाइल करने का समय बढ़ाना

जिन मामलों में अन्वेषण अधिकारी अपने नियंत्रण से बाहर के कारणों से 50 दिनों के भीतर आईएआर और/या 90 दिनों के भीतर डीएआर फाइल करने में असमर्थ होगा, जैसे कि हिट एंड रन दुर्घटनाओं के मामलों में; जहां पक्षकार न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहते हैं; जहां ड्राइविंग लाइसेंस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर जारी किया गया हो, या जहां पीड़ित को गंभीर चोटें आई हों और उसका लगातार इलाज चल रहा हो, अन्वेषण अधिकारी आईएआर या डीएआर फाइल करने के लिए समय बढ़ाने के लिए दावा अधिकरण से संपर्क करेगा, जिस पर दावा अधिकरण प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त समय का विस्तार करेगा ।

18. दावा अधिकरण द्वारा एफएआर, आईएआर और डीएआर की जांच

दावा अधिकरण यह जांच करेगा कि क्या एफएआर, आईएआर और डीएआर सभी तरह से पूर्ण हैं या नहीं। यदि डीएआर हर तरह से पूर्ण हो तो दावा अधिकरण चालक (कों), मालिक (कों), दावेदार (ओं) और चश्मदीद (दों) को प्रस्तुत करने के लिए एक तारीख नियत करेगा और अन्वेषण अधिकारी उन्हें उस नियत तारीख को प्रस्तुत करेगा। अन्वेषण अधिकारी बीमा कंपनी के नोडल अधिकारी को दावा अधिकरण द्वारा निर्धारित तिथि की सूचना देगा और बीमा कंपनी यथा नियत तारीख पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेगी। यदि एफएआर, आईएआर, और डीएआर पूर्ण नहीं हों तो दावा अधिकरण अन्वेषण अधिकारी को इसे पूरा करने का निर्देश देगा और उसकी पूर्णता के लिए एक तारीख नियत करेगा।

19. चालक (कों), मालिकों (कों), दावेदार (ओं) और प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों को दावा अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने का अन्वेषण अधिकारी का कर्तव्य

दावा अधिकरण द्वारा डीएआर के हर प्रकार से पूर्ण होने के आदेश दिए जाने के पश्चात् अन्वेषण अधिकारी चालक (कों), मालिक (कों), दावेदार (ओं) और चश्मदीद गवाहों को दावा अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करेगा। हालांकि, अगर अन्वेषण अधिकारी अपने नियंत्रण से बाहर के कारणों के कारण मालिक (कों), चालक (कों), दावेदार (ओं) और प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों को दावा अधिकरण द्वारा नियत तारीख को प्रस्तुत करने में असमर्थ हो तों दावा अधिकरण उन्हें अन्वेषण अधिकारी के माध्यम से 30 दिनों के भीतर दावा अधिकरण के समक्ष पेश होने की तारीख के लिए नोटिस जारी कर सकता है। अन्वेषण अधिकारी संबंधित बीमा कंपनी के नोडल अधिकारी को दावा अधिकरण के समक्ष डीएआर दाखिल करने की तारीख के बारे में अग्रिम सूचना देगा ताकि बीमा कंपनी के लिए नामित वकील सुनवाई की पहली तारीख को दावा अधिकरण के समक्ष उपस्थित रह सके।

20. पुलिस के कर्तव्यों को राज्य पुलिस अधिनियम का हिस्सा माना जाएगा

ऊपर बताए गए पुलिस के कर्तव्य को संबंधित राज्य पुलिस अधिनियम में शामिल हुआ माना जाएगा और इसके किसी भी उल्लंघन का परिणाम उस विधि में परिकल्पित अनुसार होगा।

21. दावा अधिकरण डीएआर को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 166 की उपधारा (4) के अधीन प्रतिकर की दावा याचिका माना जाएगा

(1) दावा अधिकरण अन्वेषण अधिकारी द्वारा दायर डीएआर को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 166 की उपधारा (4) के अधीन दावा याचिका माना जाएगा। तथापि, जहां अन्वेषण अधिकारी सुनवाई की पहली तारीख को दावेदार (ओं) को पेश करने में असमर्थ हो तो दावा अधिकरण दावेदार (ओं) की उपस्थिति के बाद डीएआर को दावा याचिका के रूप में रजिस्टर करेगा।

(2) जहां दावेदार (ओं) ने एक अलग दावा याचिका दायर की है, वहां दावा याचिका के साथ डीएआर को टैग किया जा सकता है।

(3) यदि डीएआर के दाखिल करने के समय दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 173 के अधीन रिपोर्ट दायर नहीं किया गया हो तो, दावा अधिकरण या तो समय दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 173 के अधीन रिपोर्ट दाखिल करने तक प्रतीक्षा कर सकते हैं या निर्णय पारित करने से पहले लापरवाही से बचने के लिए खुद को संतुष्ट करने हेतु प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों का बयान लिया जाए।

(4) दावा अधिकरण एफएआर को एक प्रकीर्ण आवेदन के रूप में रजिस्टर करेगा और आईएआर के साथ-साथ डीएआर को उसी प्रकीर्ण आवेदन में रिकॉर्ड करेगा।

22. अत्यधिक तेज और लापरवाही से वाहन चलाने के मामले

यदि डीएआर और विशेष रूप से, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 173 के अधीन रिपोर्ट में अत्यधिक तेज और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आता है तो दावा अधिकरण को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 166 के अधीन मामले को रजिस्टर करेगा। तथापि, ऐसे मामलों में जहां डीएआर में लापरवाही का आरोप नहीं दर्ज होता है या दावेदार लापरवाही का आरोप लगाए बिना नो-फॉल्ट के आधार पर प्रतिकर का दावा करना चुनते हैं वहां दावा अधिकरण दावे को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 164 के अधीन मामले के रूप में रजिस्टर करेगा।

23. डीएआर की प्रति प्राप्त होने के 10 दिनों के भीतर नामित अधिकारी नियुक्त करने का बीमा कंपनी का कर्तव्य

दुर्घटना की पहली सूचना (एफएआर) की प्रति प्राप्त होने पर, बीमा कंपनी 10 दिनों के भीतर उस मामले के लिए एक नामित अधिकारी नियुक्त करेगी। नामित अधिकारी उस मामले के निपटारे/प्रसंस्करण और दावेदार (ओं) को विधि के अनुसार देय प्रतिकर के संबंध में लिखित रूप में एक तर्कसंगत निर्णय पारित करने के लिए दायी होगा।

24. बीमा कंपनियों का एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने और राज्य पुलिस को सूचित करने का कर्तव्य।

सभी बीमा कंपनियां एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगी और अपने नोडल अधिकारी का नाम, पता, फोन नंबर/मोबाइल नंबर और ई- मेल पता राज्य पुलिस को सूचित करेंगी और मोटर दुर्घटना दावों के अन्वेषण से संबंधित राज्य पुलिस के सभी अन्वेषण अधिकारी नोडल अधिकारी को ई-मेल द्वारा संबंधित फॉर्म और दस्तावेज भेजेंगे।

25. दावे को सत्यापित करने का बीमा कंपनियों का कर्तव्य

बीमा कंपनियां प्रत्येक दावे की सत्यता/वास्तविकता को सत्यापित करने के लिए बाध्य हैं। बीमा कंपनियाँ दावे को सत्यापित करने के लिए अपने स्वयं के अधिकारी (अधिकारियों) को निर्देशित करेंगी या एक अन्वेषक या सर्वेक्षक नियुक्त करेंगी।

यदि डीएआर में दिए गए विवरण गलत पाए जाते हैं, तो नामित अधिकारी सर्वेक्षक/अन्वेषक की रिपोर्ट की प्रति संबंधित डीसीपी को भेजेगा। यदि अन्वेषण करने पर बीमा कंपनी को फर्जी दुर्घटना का मामला मिलता है, तो बीमा कंपनी संबंधित डीसीपी के समक्ष दोषी वाहन के चालक के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की मांग करने के लिए एक आवेदन दायर करने के लिए स्वतंत्र है।

26. डीएआर के 30 दिनों के भीतर बीमा कंपनी द्वारा दावा अधिकरण के समक्ष प्ररूप 11 प्रस्तुत किया जाना

यदि प्रतिकर का भुगतान करने का दायित्व विवादित नहीं है, तो बीमा कंपनी दुर्घटना की सूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर विधि के अनुसार दावेदार (ओं) को देय प्रतिकर की राशि के बारे में निर्णय लेगी। बीमा कंपनी के नामित अधिकारी द्वारा लिया गया निर्णय लिखित रूप में एक तर्कयुक्त निर्णय होगा, और दावा अधिकरण के समक्ष प्ररूप 11 में प्रस्तुत किया जाएगा। यदि बीमा कंपनी प्रतिकर का भुगतान करने के दायित्व को स्वीकार नहीं करती है, तो वह प्ररूप 11 में बचाव के आधार का खुलासा करेगी और उक्त फॉर्म के साथ सर्वेयर/अन्वेषक की रिपोर्ट की प्रति दायर करेगी।

27. जहां दावेदार बीमा कंपनी के प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं वहां सहमत निर्णय पारित किया जाना

बीमा कंपनी के नामित अधिकारी द्वारा मूल्यांकन किए गए प्रतिकर में दावेदार (ओं) के लिए एक विधिक प्रस्ताव शामिल होगा और यदि उक्त राशि दावेदार (ओं) के लिए उचित और स्वीकार्य है, तो दावा अधिकरण एक सहमत-निर्णय पारित करेगा और निर्णीत राशि जमा करने के लिए बीमा कंपनी को 30 दिनों का समय देगा। तथापि, सहमत-निर्णय पारित करने से पहले, दावा अधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि दावेदार (ओं) को विधि के अनुसार उचित प्रतिकर दिया जाए। दावा अधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि दुर्घटना की तारीख से छह महीने के भीतर सहमत-निर्णय पारित किया जाए।

28. दावेदार (ओं) को 30 दिनों के भीतर बीमा कंपनी के प्रस्ताव का जवाब देना होगा

यदि दावेदार बीमा कंपनी के प्रस्ताव का तुरंत जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं, तो दावा अधिकरण उन्हें उक्त प्रस्ताव का जवाब देने के लिए 30 दिनों से अधिक का समय नहीं देगा।

29. समाधान प्राप्त न होने की स्थिति में, दावा अधिकरण जांच करवाएगा और 30 दिनों के भीतर निर्णय पारित करेगा

यदि बीमा कंपनी का प्रस्ताव उचित नहीं है या दावेदार (ओं) को स्वीकार्य नहीं है या यदि बीमा कंपनी के पास विधि के अधीन इसके लिए कोई बचाव उपलब्ध है, तो दावा अधिकरण मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के धारा 168 और धारा 169 के अधीन जांच करवाएगा। दावा अधिकरण दुर्घटना की तारीख से नौ महीने के भीतर सभी पक्षों को सुनने के बाद एक निर्णय पारित करेगा।

30. ऐसे मामले जहां बीमा कंपनी दायित्व पर विवाद करती है

यदि बीमा कंपनी प्रतिकर का भुगतान करने के दायित्व पर विवाद करती है, तो वह प्ररूप 11 में बचाव के आधार का खुलासा करेगी। यदि दावा अधिकरण सबूतों की रिकॉर्डिंग को आवश्यक समझता है, तो दावा अधिकरण मोटर यान अधिनियम की धारा 168 और धारा 169 के अनुसार दुर्घटना की तारीख से एक वर्ष के भीतर पूरी की जाने वाली जांच करेगा। यदि दावा अधिकरण एक वर्ष के भीतर जांच पूरी करने में असमर्थ है, तो वह निर्णय में इसके कारणों को दर्ज करेगा। यदि बीमा कंपनी स्थानीय आयुक्त की फीस वहन करने को तैयार हो तो, दावा अधिकरण स्थानीय आयुक्त द्वारा साक्ष्य की रिकॉर्डिंग का निर्देश दे सकता है।

31. सत्य को उजागर करने का दावा अधिकरण का कर्तव्य

डीएआर के आधार पर निर्णय पारित करने से पहले, दावा अधिकरण खुद को संतुष्ट करेगा कि डीएआर में दिए गए बयान सही हैं और दावे की वास्तविकता के साथ-साथ सभी प्रासंगिक तथ्यों के संबंध पर वह संतुष्ट है। दावा अधिकरण साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1) की धारा 165 के अधीन पक्षों की परीक्षा करने पर विचार कर सकता है।

32. निर्णय पारित करने से पहले दावेदार (ओं) की परीक्षा

(1) दावा अधिकरण, निर्णय पारित करने से पहले या उसके समय, दावेदार (ओं) की वित्तीय स्थिति / आवश्कताओं, संवितरण के तरीके और सावधि जमा में रखी जाने वाली राशि का पता लगाने के लिए जांच करेगा।

(2) दावा अधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि निर्णीत राशि दिए जाने से पूर्व दावेदार (ओं) के निम्नलिखित दस्तावेजों को रिकॉर्ड में लिया जाए :

(क) आधार कार्ड और पैन कार्ड;

(ख) उचित पृष्ठांकन के साथ दावेदार (दावेदार (ओं)) के निवास के पास स्थित उनका आधार से लिंक बैंक खाता (खातों) का विवरण; तथा

(ग) दावेदार (ओं) के 2 फोटो और नमूना हस्ताक्षर।

33. दावा अधिकरण के समक्ष पक्षकारों द्वारा दायर की जाने वाली लिखित प्रस्तुतियाँ

यदि लिखित प्रस्तुतियाँ दाखिल करने की आवश्यकता होती है, तो दोनों पक्ष मृत्यु के मामलों के लिए प्ररूप 13 और चोट के मामलों के लिए प्ररूप 14 में दावा अधिकरण के समक्ष प्रतिकर की गणना के संबंध में लिखित प्रस्तुतियाँ दाखिल करेंगे।

34. निर्णीत राशि जमा करना

दावा अधिकरण द्वारा प्रतिकर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी प्रतिवादी दावेदार (ओं) को प्रतिकर की राशि जमा करने की सूचना देगा और 15 दिनों के भीतर जमा की सूचना की तारीख तक के ब्याज सहित मुआवजे की राशि जमा करने के संबंध में दावा अधिकरण में एक अनुपालन रिपोर्ट दर्ज करेगा और इसकी एक प्रति निर्णय के 30 दिनों के भीतर दावेदार (ओं) के वकील को भेजेगा।

35. निर्णीत राशि का संवितरण

निर्णीत राशि के संवितरण का मोड दावा अधिकरण द्वारा निर्धारित किया जाएगा ।

36. निर्णीत राशि का संरक्षण

दावा अधिकरण, दावेदार (ओं) की वित्तीय स्थिति और वित्तीय आवश्यकता के आधार पर, ऐसी राशि जारी करेगा जो आवश्यक समझे और शेष राशि को चरणबद्ध तरीके से जारी करने हेतु सावधि जमा में रखने का निर्देश देगा।

37. दावा अधिकरण, अधिनिर्णय के उपबंधों की अनुपालना सुनिश्चित करेगा

IndiaCode

दावा अभिकरण, मृत्यु के मामलों के लिए प्ररुप 15 और चोट संबंधी मामलों के लिए प्ररुप 16 में प्रतिकर की संगणना का सार सम्मिलित करेगा । दावा अभिकरण, इस उपाबंध में प्ररुप 17 में विहित प्रक्रिया की अनुपालना को भी सम्मिलित करेगा ।

38. दावा अभिकरण अनुपालना की रिपोर्ट हेतु एक तारीख नियत करेगा

(1) दावा अभिकरण, इस उपाबंध में दी गई प्रक्रिया के साथ अनुपालना रिपोर्ट हेतु कोई तारीख नियत करेगा और बीमा कंपनी और/या चालक/स्वामी को निदेश देगा कि प्रतिकर की रकम अद्यतन ब्याज सहित, निक्षेप करने का साक्ष्य अभिलेख पर रखे और निक्षेप की सूचना इस प्रकार नियत तारीख को ब्याज की संगणना के साथ प्रस्तुत करे । ऐसा साक्ष्य फाइल करने पर, दावा अभिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि निक्षेप की सूचना की तारीख तक ब्याज संबद्ध पक्षकार द्वारा निक्षेपित किया गया है ।

(2) यदि अधिनिर्णय की रकम विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर निक्षेपित नहीं की जाती है तो दावा अभिकरण किसी अधिनिर्णय की तारीख से 90 दिन की अवधि के अवसान के पश्चात्, इस संबंध में डिग्री धारक के आवेदन पर मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 169 की उपधारा (4) और धारा 174 के अनुसार अधिनिर्णय का निष्पादन करेगा

(3) दावा अभिकरण, इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा अधिकथित सिद्धांतों के अनुसार उसके अधिनिर्णय का निष्पादन करेगा और यदि उच्च न्यायालय द्वारा दावा अभिकरण के अधिनिर्णय का स्थगन कर दिया जाता है तो दावा अभिकरण, दावेदार(रों) को अपील के विनिश्चय के पश्चात् इसे पुन:प्रारंभ करने की स्वतंत्रता के साथ, मामले को बंद करेगा ।

39. संबद्ध दांडिक न्यायालय को डीएआर की प्रति के साथ अधिनिर्णय का भेजा जाना

दावा अभिकरण, संबद्ध दांडिक न्यायालय को अधिनिर्णय की एक सत्यापित प्रति भेजेगा । अन्वेषण अधिकारी, दावा अभिकरण के समक्ष उसे प्रस्तुत करने के 7 दिन की अवधि के भीतर संबद्ध दांडिक न्यायालय के समक्ष डीएआर की एक प्रति प्रस्तुत करेगा । अन्वेषण अधिकारी, अधिनिर्णय पारित करने के 7 दिन की अवधि के भीतर संबद्ध दांडिक न्यायालय के समक्ष दावा अभिकरण द्वारा पारित अधिनिर्णय की एक प्रति भी प्रस्तुत करेगा ।

40. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को अधिनिर्णय की प्रति का भेजा जाना

दावा अभिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को अधिनिर्णय की एक प्रति भेजेगा ।

41. दावा अभिकरण के अधिनिर्णयों का रिकार्ड

दावा अभिकरण द्वारा पारित अधिनिर्णयों का रिकार्ड, अधिनिर्णय की तारीख के अनुसार कालानुक्रमिक क्रम में ऐसी रीति में रखा जाएगा जिससे मुकदमेबाजों/वकीलों को यह सुनिश्चित करने में आसानी हो कि प्रतिकर प्राप्त हो गया है या नहीं । का रिकार्ड का प्रारुप, प्ररुप-18 में होगा ।

42. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संबद्ध दांडिक न्यायालय के समक्ष पीड़ित समाघात रिपोर्ट फाइल की जाना ।

प्ररुप – I

प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट (एफएआर)

दावा अधिकरण को अन्वेषण अधिकारी द्वारा

दुर्घटना की सूचना की प्राप्ति के 48 घंटे के भीतर

पीड़ित(तों) और बीमा कंपनी तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एसएलएसए) को प्रति

प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या	
तारीख	
धारा के अधीन	
पुलिस स्टेशन	

1.	दुर्घटना की तारीख	
2.	दुर्घटना का समय	
3.	दुर्घटना का स्थान	
4.	जानकारी का स्रोत	चालक/स्वामी पीड़ित साक्षी अस्पताल नेक व्यक्ति पुलिस अन्य (विनिर्दिष्ट करें)
	सूचनादाता का नाम, पता और मोबाइल संख्या	
	नाम	
	मोबाइल संख्या	
	पता	
5.	दुर्घटना की प्रकृति	चोट घातक संपत्ति का नुकसान/हानि कोई अन्य हानि/चोट
	अंतर्वलित आघाती यानों की संख्या	
	क्या आघाती यान का रजिस्ट्रीकरण संख्यांक ज्ञात है ?	हां नहीं
	क्या आघाती यान का पुलिस द्वारा संपहरण किया गया है ?	हां नहीं
	क्या आघाती यान का चालक घटना स्थान पर पाया गया है ?	हां नहीं
	घातक चोटों की संख्या	
	चोटिलों की संख्या	
6.	ऐसे अस्पताल के ब्यौरे जहां पीड़ित (तों) को ले जाया गया	
	अस्पताल का नाम	

IndiaCode

	पता		
	डाक्टर का नाम		
7.	सीसीटीवी फटेज की उपलभ्यता, यदि हां, तो सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित किया जाए और डीएआर के साथ फाइल किया जाए ।	हां नहीं	
8.	स्वामी (यों), चालक (कों) और बीमायान(यानों) के ब्यौरे		
	ब्यौरे	यान नं. 1 (आघाती यान)	यान 2
	यान ब्यौरे		
	यान रजिस्ट्रीकरण संख्यांक		
	यान ब्यौरे		
	चालक का नाम		
	चालक का पता		
	चालक का मोबाइल संख्या		
	स्वामी के ब्यौरे		
	स्वामी का नाम		
	स्वामी का पता		
	स्वामी का मोबाइल नं.		
	बीमा ब्यौरे		
	बीमा पालिसी संख्यांक		
	बीमा पालिसी की अवधि		
	बीमा कंपनी का नाम		
	बीमा कंपनी का पता		
	पीड़ित (तों) के ब्यौरे		
9.	नाम	मृतक/चोटिल	पता और संपर्क ब्यौरे
i.			

IndiaCode

ii.			
iii.			
iv.			
v.			
vi.			

10.	**अन्य दुर्घटना ब्यौरा**		
i.	दर्ज करने की तारीख और दिनांक		
ii.	लैंडमार्क		
iii.	गंभीरता	घातक गंभीर चोट साधारण चोट अस्पताल में भर्ती साधारण चोट गैर अस्पताल में भर्ती कोई चोट नहीं	
iv.	गिनती	घायल	मृतक
	चालकों		
	यात्रियों		
	पैदल यात्रियों		
	पशु		
v.	टक्कर का प्रकार	वाहन से वाहन वाहन से पैदल यात्री वाहन से साइकिल वाहन से तिपहिया वाहन से पशु चालित गाड़ी वाहन से पशु फिसलना	
vi.	टक्कर की प्रकृति	सीधी टक्कर पार्क किए गए वाहन को टक्कर पेड़ को टक्कर स्थायी/स्थिर वस्तु को टक्कर पीछे से टक्कर साइड से टक्कर	

IndiaCode

		सड़क से बाहर निकलना पलटना फिसलना / उलटना साइडस्वाइप वाहना का तंग नदी घाटी/खाई/कुंए में गिरना वाहन का नदी में गिरना
vii.	दुर्घटना स्थल का प्रारंभिक अवलोकन	बाहरी वक्र पर पैरापेट/क्रैश बैरियर का प्रावधान न होना लंबी दूरी तय करना/चालक का आराम ना करना वाहन से नीचे गिरना सड़क पर अवैध पार्किंग ब्लाइंड बेंड / कर्व शराब का सेवन लोड वाहन में लोगों को ले जाना लापरवाही से लेन बदलना खतरनाक ओवरटेकिंग चालक का ध्यान भटकना यातायात के विपरित दिशा में ड्राइविंग मादक पदार्थों का सेवन उच्च गति असावधानीपूर्वक मोड़ना सड़क की दशा के कारण दुर्घटना मौसम की स्थिति के कारण दुर्घटना भारी यातायात के कारण दुर्घटना मार्गाधिकार नियमों का अनुपालन ना करना रेड लाइट जंप करना अतिभारित वाहन में खराबी के कारण दुर्घटना ज़ेबरा क्रॉसिंग पार करते समय ओवर स्पीड स्पीड ब्रेकर पार करते समय ओवर स्पीड
viii.	मौसम की स्थिति	धूप / साफ़ बादल हलकी बारिश

IndiaCode

		भारी वर्षा कॉजवे / नालों की बाढ़ ओला / स्लीट बर्फ धुआं / धूल तेज हवा सर्दी गरमी
ix.	प्रकाश की स्थिति	दिन शाम स्ट्रीट लाइट के साथ अंधेरा खराब स्ट्रीट लाइट के साथ अंधेरा अंधेरा-कोई स्ट्रीट लाइट नहीं
x.	दुर्घटना का स्थान	आवासीय क्षेत्र बाजार क्षेत्र संस्थान क्षेत्र खुला हुआ वाणिज्यिक क्षेत्र विद्यालयी क्षेत्र कॉलेज क्षेत्र अन्य शैक्षिक संस्थान क्षेत्र (निर्दिष्ट) सरकारी संस्थान क्षेत्र अस्पताल क्षेत्र औद्योगीक क्षेत्र हार्बर जोन
xi.	दृश्यता	25 मीटर से कम 25 मीटर 50 मीटर 75 मीटर 100 मीटर और उससे अधिक
xii.	भार की स्थिति(1)	अतिरिक्त यात्री

IndiaCode

		सामान्य रूप से भरी हुई खाली ज्ञात नहीं है
xiii.	भार की स्थिति (2)	अतिरिक्त माल अधिक ऊंचाई में माल रियर ओवरहैंगिंग माल साइड ओवरहैंगिंग माल सामान्य रूप से लदा हुआ खाली ज्ञात नहीं है
xiv.	सड़क वर्गीकरण	एक्सप्रेसवे राष्ट्रीय राजमार्ग राज्यीय राजमार्ग प्रमुख जिला सड़क अन्य जिला सड़क ग्राम सड़क आर्टिरीअल रोड़ सब आर्टिरीअल रोड़ कलेक्टर सड़क स्थानीय सड़क
xv.	स्थानीय निकाय	निगम नगर पालिका पंचायत

IndiaCode

थानाध्यक्ष/अन्वेषण अधिकारी

पीआईएस/कर्मचारी संख्यांक. : _____

दूरभाष संख्यांक. : _____

पुलिस स्टेशन: _____

तारीख : _____

दस्तावेज संलग्न किए जाएं

i. एफ आई आर की प्रति

संलग्न किए जाने वाले इमेज/वीडियो:

i. वाहन का मुख्य विश्राम स्थल

ii. वाहन को नुकसान

iii. परिसंपत्ति को नुकसान

iv. सड़क पर वस्तुओं की बाधाएं

v. जंक्शन/सड़क का प्रकार

vi. सड़क की सतह

vii. फिसलने के निशान

viii. परिवेश

ix. कोई भी विशेषता जिसने दुर्घटना में योगदान दिया हो

x. अन्य इमेज

xi. अन्य वीडियो

प्ररुप II

सड़क दुर्घटना के पीड़ित (पीड़ितों) के अधिकार और नीचे उल्लिखित स्कीम का फ्लो चार्ट

दुर्घटना के दस दिनों के भीतर पीड़ित/परिवार/सदस्यों/विधिक प्रतिनिधियों को अन्वेषण अधिकारी द्वारा दिया जाएगा

1. तत्काल चिकित्सा सहायता और उपचार का अधिकार।

2. एफ आई आर की प्रति का अधिकार।

3. प्ररुप-1 में प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट (एफएआर) का अधिकार।

4. प्ररुप -2 में इस स्कीम के फ्लो चार्ट और पीड़ित के अधिकारों की प्रति का अधिकार।

5. प्ररुप-3 में चालक के अधिकारों के साथ दस्तावेजों की प्रति का अधिकार।

6. प्ररुप - 4 में स्वामी के अधिकारों के साथ दस्तावेजों की प्रति का अधिकार।

7. प्ररुप 5 में अनंतिम दुर्घटना रिपोर्ट (आईएआर) की प्रति के साथ दस्तावेजों का अधिकार।

8. पीड़ित के प्ररुप 6 और प्ररुप 6क के खाली प्रारुप की प्रति का अधिकार।

9. प्ररुप-7 में विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (डीएआर), दस्तावेजों के साथ, की प्रति का अधिकार।

10. बीमा प्ररुप -11 की प्रति का अधिकार।

11. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 173 के अधीन रिपोर्ट की प्रति का अधिकार।

12. प्ररुप- 12 में पीड़ित समाघात रिपोर्ट की प्रति का अधिकार।

13. एमएलसी और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट की प्रति का अधिकार।

14 दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क विधिक सहायता का अधिकार।

15. दावा अधिकरण के समक्ष व्यक्तिगत रुप से या वकील के माध्यम से उपस्थित होने का अधिकार।

16. पीड़ित के किसी अवयस्क बालक/ बालकों (18 वर्ष या उससे कम) को उनकी आवश्यकताओं और प्रास्थिति की जांच हेतु, जांच अधिकारी द्वारा बाल कल्याण समिति को भेजे जाने का अधिकार ।

17.पीड़ित के किसी अवयस्क बालक/बालकों (18 वर्ष या उससे कम) का बाल कल्याण समिति द्वारा जिला बाल कल्याण संरक्षण अधिकारी के माध्यम से उनकी भलाई, चिकित्सा आवश्यकताओं, सुरक्षा, पोषण आदि की जांच कराने का अधिकार।

18.पीड़ित के किसी अवयस्क बालक/बालकों (18 वर्ष या उससे कम) को किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के सभी फायदे प्राप्त करने का अधिकार होगा यदि ऐसी बाल कल्याण समिति किसी बालक के देखभाल और संरक्षण (सीएनसीपी) की आवश्यकता हेतु निष्कर्ष पर पहुंचती है ।

IndiaCode

19. किशोर न्याय बालकों की देखभाल और संरक्षण अधिनियम, 2015 के अधीन उपबंध के अनुसार, पीड़ित के ऐसे अवयस्क बालक/बालकों को बाल गृह में रखे जाने का अधिकार, जहां माता-पिता दोनों की मृत्यु हो गई है या जीवित माता-पिता बालक की देखभाल करने में असमर्थ हैं।

20. दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा विरचित यान दुर्घटना दावा हेतु स्कीम के अधीन प्रतिकर प्राप्त करने का अधिकार।

उपरोक्त स्कीम का फ्लो चार्ट संलग्न किया जाता है।

थानाध्यक्ष/अन्वेषण अधिकारी

पी आई एस/कर्मचारी संख्यांक
दूरभाष सं.....

पुलिस स्टेशन.....

तारीख.....

पीड़ित/परिवार के सदस्यों/विधिक प्रतिनिधियों की अभिस्वीकृति

मुझे, यह प्ररुप और स्कीम का फ्लो चार्ट पीड़ित के एक खाली प्ररुप- 6 और प्ररुप- 6क की प्रति के साथ प्राप्त हुआ है।

.....

पीड़ित/परिवार के सदस्य/विधिक प्रतिनिधि

तारीख.....

मोटर दुर्घटना दावों के लिए स्कीम का फ्लो चार्ट

मोटर यान दुर्घटना

<table>
<tr><td rowspan="5">एस एल एस ए
पीड़ित (पीड़ितों)</td><td colspan="2">प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट (एफएआर) – प्ररुप 1
48 घंटे के भीतर दावा अभिकरण को आईओ द्वारा</td><td>राज्य पुलिस वैब साइट</td></tr>
<tr><td colspan="2">प्ररुप 2 में सड़क दुर्घटना के पीड़ित (पीड़ितों के अधिकार)
दस दिन के भीतर पीड़ित (पीड़ितों) को आई ओ द्वारा</td><td rowspan="4">बीमा कंपनी</td></tr>
<tr><td>चालक का प्ररुप 3
30 दिन के भीतर आई ओ को चालक द्वारा</td><td>स्वामी का प्ररुप 4
30 दिन के भीतर आई ओ को स्वामी द्वारा</td></tr>
<tr><td colspan="2">अंतरिम दुर्घटना रिपोर्ट (आईएआर) – प्ररुप 5
50 दिन के भीतर दावा अभिकरण को आईओ द्वारा</td></tr>
<tr><td colspan="2">पीड़ित का प्ररुप 6क और प्ररुप 6ख
साठ दिनों के भीतर पीड़ित (पीड़ितों) द्वारा</td></tr>
</table>

IndiaCode

<table>
<tr><td rowspan="4"></td><td colspan="2">विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (डीएआर) – प्ररुप 7
90 दिनों के भीतर दावा अभिकरण को आईओ द्वारा</td><td rowspan="4"></td></tr>
<tr><td colspan="2">बीमा – प्ररुप 11
तीस दिनों के भीतर दावा अभिकरण को बीमा कंपनी द्वारा</td></tr>
<tr><td>बीमा कंपनी दायित्व स्वीकार करती है और प्ररुप 11 में प्रतिकर की प्रस्थापना प्रस्तुत करती है ।</td><td>बीमा कंपनी दायित्व को स्वीकार नहीं करती है और प्ररुप 11 में मामले के प्रतिवाद की अनुज्ञा की ईप्सा करती है ।</td></tr>
</table>

यदि बीमा कंपनी द्वारा प्रस्थापित रकम उचित / युक्तियुक्त है और दावेदारों को स्वीकार्य है तो दावा अभिकरण सहमति अधिनिर्णय पारित करेगा ।	यदि बीमा कंपनी द्वारा प्रस्थापित रकम उचित नहीं है और/या दावेदारों द्वारा स्वीकार्य नहीं है तो दावा अभिकरण प्रतिकर के रकम के संबंध में बहस की सुनवाई करेगा और अधिनिर्णय पारित करेगा ।

दुर्घटना के छह मास के भीतर कार्यवाहियां पूर्ण की जाएं ।	दुर्घटना के नौ मास के भीतर कार्यवाहियां पूर्ण की जाएं ।

दावा अभिकरण एक जांच संचालित करेगा जो दुर्घटना के बारह मास के भीतर पूर्ण की जाएगी ।

दुर्घटना के बारह मास के भीतर कार्यवाही पूर्ण की जाएगी ।

प्ररुप-III

चालक का प्ररुप

यान(नों) के चालक द्वारा जांच अधिकारी को दुर्घटना के तीस(30) दिन के भीतर पीड़ित(तों) और बीमा कंपनी को प्रति

प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या	
तारीख	
धारा के अधीन	
पुलिस स्टेशन	

IndiaCode

1.	चालक के ब्यौरे	
	नाम	
	पिता का नाम	
	मोबाइल संख्या	
	पता	
2.	आयु/जन्म तारीख	
3.	लिंग	पुरुष महिला अन्य
4.	शैक्षणिक अर्हता	प्राथमिक उच्च माध्यमिक प्रमाणपत्र उच्चतर माध्यमिक प्रमाणपत्र स्नातक स्नातकोत्तर डाक्टर की उपाधि अशिक्षित
5.	व्यवसाय	निजी सेवा सरकारी नौकरी वृत्तिक कृषि स्व-नियोजित अन्य
6.	मासिक आय	रुपये में
7.	चालन अनुज्ञप्ति	स्थायी शिक्षार्थी किशोर बिना अनुज्ञप्ति अन्य (विनिर्दिष्ट करें)
8.	चालन अनुज्ञप्ति संख्यांक	
9.	अनुज्ञप्ति की वैधता की अवधि	
10.	अनुज्ञापन प्राधिकारी	
11.	यान रजिस्ट्रीकरण संख्या	
12.	यान का प्रकार	
13.	स्वामी के ब्यौरे	

IndiaCode

	नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
14.	बीमा के ब्यौरे	
	पालिसी संख्या	
	पालिसी की अवधि	
	बीमा कंपनी का नाम	
15.	अन्य ब्यौरे	
i.	चालक की राष्ट्रीयता	भारतीय विदेशी
ii.	चालक का व्यवसाय	वकील व्यावसायी क्लर्क चिकित्सक चालक अभियंता किसान हाउस कीपर मज़दूर पुलिस अधिकारी राजनीतिज्ञ सेवानिवृत्त अधिकारी विद्यार्थी बेरोज़गार विक्रेता / लघु व्यवसाय का स्वामी कर्मी अन्य
iii.	चोट का प्रकार	पीठ की चोट कूल्हे की चोट सीने में चोट चेहरा हाथ सिर

IndiaCode

		कूल्हा घुटना टांग गर्दन लागू नहीं कंधे की चोट पेट
iv.	चलाते समय सेल फोन?	हां नहीं ज्ञात नहीं
v.	गंभीरता	घातक गंभीर चोट साधारण चोट अस्पताल में भर्ती साधारण चोट गैर अस्पताल में भर्ती कोई चोट नहीं
vi.	सीटबेल्ट/हेलमेट	हां नहीं ज्ञात नहीं
vii.	नशे में गाड़ी चलाना	हां नहीं ज्ञात नहीं
viii.	परिवहन का मोड	108 एम्बुलेंस अस्पताल में भर्ती नहीं स्वयं के द्वारा निजी एम्बुलेंस निजी वाहन
ix.	अस्पताल में भर्ती होने में देरी	<30 मिनट >30 मिनट <1 घंटा >1 घंटा < 2 घंटे > 2 घंटे अस्पताल में भर्ती नहीं
x.	ड्राइविंग लाइसेंस का प्रकार	ज्ञात ज्ञात नहीं बिना लाइसेंस एलएलआर लागू नहीं नाबालिग

IndiaCode

सत्यापन

दिन .....की इस..... तारीख को …… पर सत्यापित किया जाता है कि उक्त प्रारुप में दी गई अंतर्वस्तुएं मेरी जानकारी के अनुसार सही हैं और संलग्न दस्तावेज उनके मूल की सही प्रतियां हैं।

संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज

i. पहचान/निवास प्रमाणपत्र

ii. चालन अनुज्ञप्ति

iii. बीमा पालिसी

प्ररुप-IV

स्वामी/ बीमित का प्ररुप

यान(यों) के स्वामी द्वारा जांच अधिकारी को दुर्घटना के तीस(30) दिनों की अवधि के भीतर पीड़ित(तों) और बीमा कंपनी को प्रति

प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या	
तारीख	
धारा के अधीन	
पुलिस स्टेशन	

IndiaCode

1.	यान के ब्यौरे	
	रजिस्ट्रीकरण संख्यांक	
	रंग	
	मेक	
	माडल	
	विनिर्माण वर्ष	
	चेसिस संख्यांक	
	इंजन संख्या	
	रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी का नाम	
	यान का प्रकार	मोटर चालित -दो पहिया आटो कार/जीप/टैक्सी साइकिल रिक्शा बाइसाइकिल हाथ से चलने वाला ठेला टैंपो/ट्रैक्टर

		बस ट्रक/लारी पशु द्वारा खींची जाने वाली गाड़ी भारी जोड़ वाला यान/ट्राली अज्ञात अन्य (विनिर्दिष्ट करें)
	यान उपयोग प्रकार	निजी यान वाणिज्यिक यान माल और गाड़ी कचरे का ट्रक टैक्सी/किराए का यान लोक सेवा यान शैक्षिक संस्थान बस अन्य (विनिर्दिष्ट करें)
2.	स्वामी के ब्यौरे	
	नाम कंपनी की दशा में, मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 199 के अनुसार प्रभारी व्यक्ति का नाम	
	पिता का नाम	
	मोबाइल संख्या	
	पता	
	व्यवसाय	
3.	चालक के ब्यौरे	
	पिता का नाम	
	मोबाइल संख्या	
	पता	
	चालन अनुज्ञप्ति संख्यांक	
	वैधता की अवधि	
	अनुज्ञप्ति प्राधिकारी	
4.	बीमा के ब्यौरे	
	पालिसी संख्या	
	पालिसी की अवधि	

IndiaCode

	बीमा कंपनी का नाम	
	बीमा कंपनी का पता	
	पूर्ववर्ती बीमा कंपनी के ब्यौरे	
	क्या यान पहले किसी एमएसीटी के मामले में सम्मिलित था ? यदि हां, तो एफआईआर और एमएसीटी मामले के ब्यौरे दें ।	
5.	वाणिज्यिक यान के मामले में	
	अनुज्ञा पत्र ब्यौरे	
	फिटनेस ब्यौरे	
6.	क्या स्वामी ने दुर्घटना की सूचना बीमा कंपनी को दी है ?	हां नहीं
7.	अन्य ब्यौरे	
i.	भार श्रेणी	यात्री माल
ii.	वाहन की आयु	
iii.	वाहन विवरण	परिवहन वाहन गैर-परिवहन वाहन
iv.	प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र की वैधता	
v.	कर विवरण	
vi.	सीट क्षमता	
vii.	बीमा कंपनी	

IndiaCode

सत्यापन :

दिन .....की इस..... तारीख को …… पर सत्यापित किया जाता है कि उक्त प्रारुप में दी गई अंतर्वस्तुएं मेरी जानकारी के अनुसार सही है और संलग्न दस्तावेज उनके मूल की सही प्रतियां हैं ।

संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज

i. पहचान/निवास प्रमाणपत्र

ii. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र

iii. चालक की चालन अनुज्ञप्ति

iv. बीमा पालिसी

v अुनज्ञा पत्र

vi फिटनेस

प्ररुप-V

अंतरिम दुर्घटना रिपोर्ट (आईएआर)

यात्रियों और पैदल यात्रियों द्वारा जांच अधिकारी द्वारा दावा अभिकरण को दुर्घटना के पचास(50) दिनों के भीतर पीड़ितों और बीमा कंपनी तथा एसएलएसए को प्रति

प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या	
तारीख	
धारा के अधीन	
पुलिस स्टेशन	

1.	दुर्घटना की तारीख	
2.	दुर्घटना का समय	.
3.	दुर्घटना का स्थान	
4.	आघाती यान	
	रजिस्ट्रेशन संख्यांक	
	यान मेक	
	यान माडल	
5.	आघाती यान का चालक	
	नाम	
	पिता का नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
	चालन अनुज्ञप्ति	स्थायी शिक्षार्थी किशोर बिना अनुज्ञप्ति अन्य (विनिर्दिष्ट करें)
	चालन अनुज्ञप्ति संख्यांक	
	चालन की वैधता	
	अनुज्ञप्ति प्राधिकारी	
6.	आघाती यान का स्वामी	
	नाम	
	पिता का नाम	
	मोबाइल संख्या	
	पता	
7.	वाणिज्यिक यान होने की दशा में	
	अनुज्ञा पत्र ब्यौरे	

IndiaCode

	फिटनेस ब्यौरे	
8.	बीमा के ब्यौरे	
	पालिसी सं.	
	पालिसी की अवधि	
	बीमा कंपनी का नाम	
	बीमा कंपनी का पता	
9.	दुर्घटना के साक्षी	
	साक्षी-1: नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
	साक्षी-2: नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
	साक्षी -3: नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
	साक्षी -4: नाम	
	मोबाइल नं.	
	पता	
10.	दुर्घटना का संक्षिप्त विवरण	
11.	अनुपालन(ओं) के ब्यौरे	
i.	प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट (एफएआर)	
ii.	दिल्ली पुलिस की वैब साइट पर एफएआर अपलोड करने की तारीख	
iii.	बीमा कंपनी को एफ आई आर और एफएआर परिदत्त करने की तारीख	
iv.	पीड़ितों को एफआईआर, प्रारुप 2 और एफएआर परिदत्त करने की तारीख	
v.	चालक से प्ररुप 3 प्राप्त करने की तारीख	
vi.	स्वामी से प्ररुप 4 प्राप्त करने की तारीख	
vii.	बीमा कंपनी को प्ररुप 3 और प्ररुप 4 परिदत्त करने की तारीख	

IndiaCode

viii.	पीड़ितों को प्ररुप 3 और प्ररुप 4 परिदत्त करने की तारीख	
ix.	क्या चालक/स्वामी की जानकारी/दस्तावेजों का सत्यापन किया गया है ? यदि हां, तो सत्यापन रिपोर्ट संलग्न करें।	हां नहीं
12.	यात्री विवरण	
i.	लिंग	पुरुष महिला ट्रांसजेंडर
ii.	व्यवसाय	वकील व्यावसायी क्लर्क चिकित्सक चालक अभियंता किसान हाउस कीपर मज़दूर पुलिस अधिकारी राजनीतिज्ञ सेवानिवृत्त अधिकारी विद्यार्थी बेरोज़गार विक्रेता / लघु व्यवसाय का स्वामी कर्मी अन्य
iii.	गंभीरता	घातक गंभीर चोट साधारण चोट अस्पताल में भर्ती साधारण चोट गैर अस्पताल में भर्ती कोई चोट नहीं
iv.	चोट का प्रकार	पीठ की चोट कूल्हे की चोट सीने में चोट चेहरा हाथ

IndiaCode

		सिर कूल्हा घुटना टांग गर्दन लागू नहीं कंधे की चोट पेट
v.	परिवहन का मोड	108 एम्बुलेंस अस्पताल में भर्ती नहीं स्वयं के द्वारा निजी एम्बुलेंस निजी वाहन
vi.	अस्पताल में भर्ती होने में देरी	<30 मिनट >30 मिनट <1 घंटा >1 घंटा > 2 घंटे > 2 घंटे अस्पताल में भर्ती नहीं
vii.	शिक्षा	8वीं कक्षा तक 8वीं से 10वीं कक्षा तक 12वीं कक्षा तक डिप्लोमा स्नातक परास्नातक और उससे ऊपर अशिक्षित
viii.	यात्री की स्थिति	बैक ट्रक या पिक अप बस यात्री आगे की सीट अन्य पिलियन राइडर पिछली सीट
ix.	सीटबेल्ट/ हेलमेट	हां नहीं ज्ञात नहीं
x.	यात्री की स्थिति	खड़ा

IndiaCode

		बैठा वाहन में सवार होता गिरता पंक्तिबद्ध होता
xi.	राष्ट्रीयता	भारतीय विदेशी
13.	पैदल यात्री का ब्यौरा	
i.	लिंग	पुरूष महिला ट्रांसजेंडर
ii.	गंभीरता	घातक गंभीर चोट साधारण चोट अस्पताल में भर्ती साधारण चोट गैर अस्पताल में भर्ती कोई चोट नहीं
iii.	अस्पताल में भर्ती कराने का मोड	108 एम्बुलेंस अस्पताल में भर्ती नहीं स्वयं के द्वारा निजी एम्बुलेंस निजी वाहन
iv.	अस्पताल में भर्ती कराने में देरी	<30 मिनट >30 मिनट <1 घंटा >1 घंटा > 2 घंटे > 2 घंटे अस्पताल में भर्ती नहीं
v.	शिक्षा	8वीं कक्षा तक 8वीं से 10वीं कक्षा तक 12वीं कक्षा तक डिप्लोमा स्नातक परास्नातक और उससे ऊपर अशिक्षित
vi.	चोट का प्रकार	पीठ की चोट कूल्हे की चोट सीने में चोट

IndiaCode

		चेहरा हाथ सिर कूल्हा घुटना टांग गर्दन लागू नहीं कंधे की चोट पेट
vii.	पैदल यात्री की स्थिति	पैदल यात्री क्रॉसिंग पर पैदल यात्री क्रॉसिंग के 50 मीटर के भीतर ट्रैफिक आइलैंड पर फुटपाथ पर सड़क के शोल्डर पर सड़क के दाहिने हाथ पर सड़क के बीच में
viii.	व्यवसाय	वकील व्यावसायी क्लर्क चिकित्सक चालक अभियंता किसान हाउस कीपर मज़दूर पुलिस अधिकारी राजनीतिज्ञ सेवानिवृत्त अधिकारी विद्यार्थी बेरोज़गार विक्रेता / लघु व्यवसाय का स्वामी कर्मी अन्य

IndiaCode

ix.	राष्ट्रीयता	भारतीय विदेशी

थानाध्यक्ष/अन्वेषण अधिकारी

पी आई एस/कर्मचारी संख्यांक.....

दूरभाष सं.....

पुलिस स्टेशन.....

तारीख.....

संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज

i. प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट (एफएआर)

ii. चालक द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के साथ चालक का प्ररुप 2

iii. स्वामी द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के साथ स्वामी का प्ररुप 3

iv. सत्यापन रिपोर्ट

प्ररुप -VI

पीड़ित/दावेदारों का प्ररुप

दुर्घटना के साठ (60) दिन के भीतर पीड़ित (पीड़ितों)/दावेदार(दावेदारों) और चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जांच अधिकारी को बीमा कंपनी और एसएलएसए को प्रति

प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या	
तारीख	
धारा के अधीन	
पुलिस स्टेशन	

1.	दुर्घटना की तारीख	
2.	दुर्घटना का समय	
3.	दुर्घटना का स्थान	
4.	मामले की प्रकृति	साधारण चोट गंभीर चोट घातक संपत्ति को क्षति/हानि कोई अन्य हानि/चोट
5.	आघाती यान का रजिस्ट्रीकरण संख्या	
6.	स्वामी के ब्यौरे	

	नाम	
	पता	
7.	चालक के ब्यौरे	
	नाम	
	पता	
8.	बीमा के ब्यौरे	
	पालिसी संख्या	
	पालिसी की अवधि	
	बीमा कंपनी का नाम	

मुत्यु संबंधी मामला

9.	मृतक का नाम	
10.	पिता का नाम	
11.	आयु/जन्म तारीख	
12.	मृत्यु की तारीख	
13.	मृतक का लिंग	
14.	मृतक की वैवाहिक प्रास्थिति	
15.	मृतक का व्यवसाय	
16.	यदि मृतक कार्यरत था तो नियोक्ता का नाम और पता	
17.	मृतक की आय	
18.	क्या मृतक आयकर के लिए निर्धारिती था ? यदि हां, तो अंतिम तीन वर्षों की आयकर विवरणी की प्रति फाइल करें।	हां नहीं
19.	क्या मृतक परिवार का इकलौता कमाने वाला था ?	हां नहीं
20.	मृत्यु के पूर्व मृतक को दिए गए उपचार के ब्यौरे। उपगत चिकित्सा व्यय के ब्यौरे दें।	
21.	क्या पीड़ित ने अपने नियोक्ता से कोई मेडिक्लेम पालिसी से या किसी सरकारी नकद रहित उपचार योजना से या सरकारी बीमा योजना से चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति की है ? यदि हां, तो ब्यौरे दें।	

22.	मृतक के विधिक प्रतिनिधियों का नाम, आयु, लिंग, संबंध और वैवाहिक प्रास्थिति				
	नाम	आयु/जन्म तारीख	लिंग	संबध	वैवाहिक प्रास्थिति
i.					
ii.					
iii.					

IndiaCode

iv.					
v.					
vi.					

23.	मृतक के विधिक प्रतिनिधियों का नाम, संपर्क संख्यांक और पता		
	नाम	संपर्क संख्या	वर्तमान पता के साथ स्थायी पता
i.			
ii.			
iii.			
iv.			
v.			
vi.			

